रणजी ट्रॉफी

रणजी ट्रॉफी 2022-23 का आगाज़ 13 दिसंबर, 2022 से हुआ और यह टूर्नामेंट 20 फरवरी, 2023 को समाप्त होगा।

रणजी ट्रॉफी:

- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) द्वारा स्थापित **रणजी ट्रॉफी का नाम भारत के पहले टेस्ट क्रिकेटर रंजीत सिंह के नाम पर रखा गया था, जिन्होंने इंग्लैंड और ससेक्स के लिये खेला था।**
    - रंजीत सिंह जिन्हें **'भारतीय क्रिकेट के पिता' के रूप में जाना जाता है, वास्तव में उन्होंने भारत के लिये कभी नहीं खेला।**
- रणजी ट्रॉफी को **विभिन्न क्षेत्रीय टीमों द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ खेली जाने वाली घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट शृंखला के रूप में माना जाता है।**
- **वर्ष 1934 में घोषणा** किये जाने के बाद शृंखला का पहला मैच 1934-1935 में खेला गया था।**ट्रॉफी प्रदान करने का काम पटियाला के महाराजा भूपिंदर सिंह द्वारा किया गया था।**
- रणजी ट्रॉफी ने पिछले कुछ वर्षों में लोकप्रियता हासिल कर ली है **और आधुनिक समय में इंग्लैंड में देशी क्रिकेट का दर्जा हासिल किया है।**
- शृंखला की विशेषताओं में से एक सबसे विशिष्ट यह है कि विभिन्न राज्यों के क्षेत्रीय क्रिकेट बोर्डों के अलावा सरकारी टीमें भी प्रतियोगिता में भाग लेती हैं, जैसे रेलवे टीम और सरकारी उद्यमों से जुड़ी कई अन्य टीमें।
- रणजी ट्रॉफी 2022-23 में कुल 135 मैच खेले जाएंगे तथा कुल 32 टीमें हिस्सा ले रही हैं जिन्हें चार ग्रुप्स में बाँटा गया है।
    - **रणजी ट्रॉफी 2021-22 मध्य प्रदेश ने जीती।**

अन्य घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट:

- **दलीप ट्रॉफी:**
    - **नवानगर के कुमार दलीप सिंह के नाम पर दलीप ट्रॉफी** भारत में एक घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट प्रतियोगिता है जिसका **पहला संस्करण वर्ष 1961-62** में खेला गया था।
- **विजय हज़ारे ट्रॉफी:**
    - विजय हज़ारे ट्रॉफी एक **सीमित ओवरों की घरेलू प्रतियोगिता है** जिसमें खिताब के लिये **भारत की विभिन्न राज्य टीमें आपस में एक-दूसरे से प्रतियोगिता करती हैं।** इसका नाम प्रमुख **भारतीय बल्लेबाज़-विजय हज़ारे** के नाम पर रखा गया है।
- **देवधर ट्रॉफी:**
    - देवधर ट्रॉफी भारत में वार्षिक रूप से आयोजित की जाने वाली **लिस्ट-ए के तहत पचास ओवर की घरेलू प्रतियोगिता है,** जो पहली बार **1973-74 सीज़न** में शुरू हुई थी।
- **ईरानी कप:**
    - **रणजी ट्रॉफी चैंपियनशिप के 25 साल पूरे होने पर** बीसीसीआई ने **1960 में स्वर्गीय जेड आर ईरानी (Z R Irani) के नाम पर** ईरानी ट्रॉफी का उद्घाटन किया।
    - ईरानी कप में हर साल **पिछले साल के रणजी ट्रॉफी चैंपियन और बाकी भारतीय टीम के बीच मैच होता है।**
- **सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी:**
    - **वर्ष 2008-09 में** बीसीसीआई (BCCI) द्वारा **पेश किया गया,** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी **एक T-20 क्रिकेट घरेलू चैंपियनशिप है, जो रणजी ट्रॉफी की टीमों के बीच** आयोजित की जाती है।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

प्रश्न. ICC विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. विजेता का निर्णय टीमों द्वारा जीते गए मैचों की संख्या के आधार पर किया गया।
2. न्यूज़ीलैंड इंग्लैंड से आगे था क्योंकि उसने इंग्लैंड से ज़्यादा मैच जीते थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

उत्तर: (d)

व्याख्या:

- वर्ष 2021-2023 का ICC विश्व टेस्ट चैंपियनशिप इसका दूसरा संस्करण है। यह 4 अगस्त, 2021 को शुरू हुआ तथा 31 मार्च, 2023 को समाप्त होगा।
- रिवैम्प्ड पॉइंट सिस्टम:
    - ICC ने वर्ष 2020 में घोषणा की थी कि फाइनल में पहुँचने वाली टीम का फैसला उसके द्वारा पिछले मैच में अर्जित अंकों के प्रतिशत के आधार पर किया जाएगा। प्रति टेस्ट उपलब्ध अंकों को एकसमान कर दिया गया है। यह प्रणाली किसी भी समय टीमों के सापेक्ष प्रदर्शन की तुलना करने की अनुमति देती है, जिसका अर्थ है कि किसी भी कारण से किसी भी मैच या शृंखला को रद्द करना अंक तालिका को सीधे प्रभावित नहीं करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- न्यूज़ीलैंड फाइनल के लिये अर्हता प्राप्त करने वाली पहली टीम थी। यह 22 मैच खेलकर 126 अंक अर्जित करने के कारण इंग्लैंड से आगे थी। वहीं इंग्लैंड को 35 मैच खेलकर 107 अंक ही मिले। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

अतः विकल्प (d) सही है।

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/ranji-trophy-1